संक्षिप्त

आरोपी को 10 वर्ष की सजा सुनाई

टोंक। पोक्सो कोर्ट न्यायालय के न्यायाधीश मधु सूदन शर्मा ने दो वर्ष पुराने मामले में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी हरफूल मीणा को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है तथा 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है।लोक अभियोजक राकेश शर्मा ने बताया कि 11 मई को अलीगढ़ थाने में नाबालिग की माँ ने मामला दर्ज कराया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री खेत मे बकरियां चरा रही थी तभी वहां आरोपी हरफूल आया और पीड़िता के साथ जबरदस्ती कर नाबालिग को परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। जिस पर नाबालिग ने परिवार को घटना नही बताई, लेकिन दो माह बाद नाबालिग की शारीरिक जांच में मिले साक्ष्य के आधार पर परिजनों ने मामला दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां लोक अभियोजक पक्ष की ओर से पेश किये गये 21 गवाह और 35 दस्तावेज में जुर्म प्रमाणित होने पर आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारवास की सजा सुनाई गई है।

गो सेवार्थ दी सहयोग राशि

मालपुरा। सेवा भारती समिति लाम्बाहरिसिंह द्वारा गुरूवार को श्रीराम नारायण गो सेवा समिति मालपुरा को चालीस हजार रूपये की राशि गो सेवा भेंट की गई। रजनीश मेन्दवास्या ने बताया कि मक्रर सक्रान्ति पर्व पर सेवा भारती समिति लाम्बाहरिसिंह द्वारा गो सेवा दान काउंटर लगा गोभक्तो से संग्रह की गई राशि का एक भाग चालीस हजार रूपये की राशि रामनारायण गो सेवा समिति मालपुरा को भेंट की गई। इस राशि से लम्बे समय स बिमार चल रही गौमाता एवं सडक दुर्घटना मे घायल निराश्रित गौमाता की सेवा मे वहन की जायेगी। रामनारायण गौशाला से जुडे गौसेवक घायल व बिमार गाय की सुचना मिलते ही तत्काल रैस्क्यू कर तत्काल गौशाला मे चलाये जा रहै गो-चिकित्सालय मे भर्ति कर उसकी निस्वार्थ सेवा कर रहै है।

एसडीएम व पालिका अध्यक्ष ने ली बैठक

मालपुरा। गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय मे एसडीएम अमित चौधरी व पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने पालिका के अधिकारी व कार्मिको के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक मे मालपुरा शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू रखने,शास्त्री नगर मे भूखण्डो की निलामी,आगामी बजट के लिये तीन मार्च को बोर्ड की बैठक आयोजित करने, जिला अस्पताल के सामने नाला निर्माण करवाने,शहर मे यूडी टैक्स वसूली अभियान शुरू करने सहित सफाई कर्मचारियो के बकाया भूगतान को लेकर विस्तार से चर्चा कर कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर ठोस निर्णय लिया गया।

आरोपी को उम्रकैद की सजा

तिजारा। कोर्ट ने 14 साल पुराने हत्या के मामले में गुरुवार को एक अहम फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष चौधरी ने आरोपी असरु को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अपर लोक अभियोजक विनयपाल यादव ने बताया कि मामला 15 दिसंबर 2011 का है। मृतक नफीस चिप्स पत्थर की घिसाई का मिस्त्री था। वह इसरोदा गांव में प्रहलाद और प्रमोद के मकान पर काम कर रहा था। नफीस अपनी विधवा बहन के लिए भैंस खरीदने की योजना बना रहा था। वह सुबह 7:30 बजे 40 हजार रुपए और मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था। जब शाम तक नफीस घर नहीं पहुंचा और उसका फोन भी नहीं लग रहा था, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगले दिन 16 दिसंबर को भोजावास की सीमा में उसकी लाश मिली। मृतक के सिर और पीठ में गोली के निशान थे।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया

सांभरझील। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजीत कुमार हिंगर के निर्देशान में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक के निर्देशानुसार विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत नौरंगपुरा में व सरिता बाल विधा मन्दिर काजीपुरा में आयोजित किया गया। चांदमल सांभरिया ने कहा कि हम सब के बीच एकता, समानता, औदार्य और प्रीति का विस्तार हो इसके साथ ही राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

अवैध मादक पदार्थ व कार जब्त, तीनआरोपी गिरफ्तार

मानपुरा माचेड़ी। चंदवाजी थाना पुलिस व जयपुर ग्रामीण पुलिस की डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ स्मेक के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ व एक कार जप्त की है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन नॉक आउट अभियान के तहत जिला जयपुर ग्रामीण में अतिरिक्त पुलिस

■ **चंदवाजी थाना पुलिस व जयपुर ग्रामीण पुलिस की डीएसटी टीम ने की कार्रवाई**

चंदवाजी पुलिस की गिरफ्त में अवैध मादक पदार्थ बेचने के आरोपी।

अधीक्षक रजनीश पूनिया के सुपरवीजन में समाज में विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ते नशे की प्रवृति के कारण हो रहे पतन को देखते हुए अवैध नशा कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध ऑपरेशन नॉक आउट अभियान चलाया जा रहा है जिसमे पूर्व में भी जिला जयपुर ग्रामीण में नशा कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाईयां की गई थी इसी क्रम में गुरुवार को कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना चंदवाजी में जिला विशेष टीम की सूचना पर मादक पदार्थ बेचने वाले नशा कारोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही की। जिसमें पुलिस थाना चन्दवाजी व जिला डीएसटी द्वारा जयपुर दिल्ली हाइवे पर निम्स यूनिवर्सिटी के पास नाकाबन्दी कर 3 आरोपी सुभाष वर्मा पुत्र रामगोपाल बलाइ (33) निवासी सांवलपुरा,अजीतगढ, जिला सीकराफारुक खान मोहम्मद(24) निवासी-खातेडी मोहल्ला, शाहपुरा जिला जयपुर। रईस खान पुत्र कयूम खान(26) निवासी-काजी कालोनी शाहपुरा जिला-जयपुरासुभाष वर्मा, फारुक खान, रईस खान के कब्जे से 1888 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त वाहन सेन्ट्रो कार को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ स्मैक 18.86 ग्राम व सेन्ट्रो कार को जप्त किया गया।

चोरी की वारदात का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

पावटा।प्रागपुरा थाना क्षेत्र में पावटा स्थित एक वर्कशॉप से चोरी करने वाले एक आरोपी को प्रागपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टसकोला निवासी धर्मवीर पुत्र सूरजमल ने 15 फरवरी 2025 को प्रागपुरा थाना पुलिस में

में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया कि 9 फरवरी 2025 को पावटा स्थित वर्कशॉप से अज्ञात चोर पाइप, सरिए, साईकिल चुरा ले गए। जिस पर मामला दर्ज कर माल मशरुका व मुल्जिम की तलाश शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं वर्तमान में हुई वारदातों के शीघ्र खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चालान शुदा अपराधियों से अनुसंधान करते हुए कस्बे पावटा प्रागपुरा में लगे सीसीटीवी फुटेजो का गहनता से विश्लेषण कर चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए धर्मराज को गिरफ्तार किया गया।

भजन संध्या व अखंड ज्योत पाठ में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्याम मन्दिर के ग्यारहवें पाटोत्सव पर मन्दिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जन सैलाब उमड़ पड़ा। संरक्षक दिलीप इसरानी एवं उपाध्यक्ष राजू खंडेलवाल ने बताया भजन संध्या की शुरुआत गणेश वंदना के साथ बाबा की आरती करके किया।

जयपुर के आयुष सोमानी ने मेरे सर पर हमेशा तेरा हाथ रहे, मेरा साँवरिया आएगा, तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा, दरबार साँवरिया एसो सज्यो प्यारो, महेश खण्डवाल व राजू खंडेलवाल ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है, देना होतो दीजिए जन्म-जन्म का साथ सहित कई भजन सुनाकर बाबा श्याम को रिझाया। भजनों पर श्याम भक्त भाव विभोर हो गए। इस दौरान होली की धमाल पर भक्तों ने जमकर भक्तिनृत्य किया। भजन संध्या के बाद श्याम बाबा की महाआरती कर भक्तों को खीर चूरमे का प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार गुरुवार को मन्दिर प्रांगण में कलकता के मनीष शर्मा द्वारा श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ का आयोजन किया गया। श्याम भक्तों ने 151 आसन पर अखंड ज्योत पाठ का

■ **बाबा श्याम का कलकता के फूलों से भव्य श्रृंगार किया एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई**

वाचन किया। पाठ के दौरान बाबा श्याम गुणगान कर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। बाबा श्याम का कलकता के फूलों से भव्य श्रृंगार किया एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई। मन्दिर को भव्य लाइटिंग कर सजाया गया। पाठ के बाद बाबा श्याम बाबा की महाआरती कर पंगत प्रसादी करवाई गई। इस दौरान श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अठावाल, महामंत्री दीनदयाल शर्मा, विनोद शर्मा, पुरषोत्तम शर्मा, सर्वेश द्विवेदी, रामचरण विजय, नरोत्तम अठावाल, राकेश गुरुजी, मुरारी अठावाल, राकेश बोहरा, जीतू विजय, रवि पारीक, अमित धामाणी, राकेश सोनी, जगदीश शर्मा, डॉक्टर शिवराज शर्मा, अजय जैन, योगेंद्र जैन, सौरभ जैन, हीरू सिंधी, मनीष साहू, मनीष जिंदल, श्री राधा महिला मंडल अध्यक्ष सरोज अठावाल व शिप्रा जैन सहित सेकड़ों श्याम भक्त मौजूद रहे।

जशन ए-कादरिया व चिश्तीया सम्पन्न

मनोहरपुर। जयपुर जिले के मोहल्लाह बिसायती यान दगड़े वाली मस्जिद - रामगन्ज बाज़ार में जशन ए - कादरिया व चिश्तीया का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक जनाब मोहम्मद शफीक साहब और शहर जयपुर की सूफीयान खानकाहों के हजरात की ''जानिब से जनाब सूफी सैयद आबिद अली चिश्ती फ़रीदी सज्जादा नशीन दरगाह (हज़रत ख्वाजा शेख सैय्यद शाह अहमद चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह) अमरसर जयपुर राज, का शानदार तरीके से फुल मालाओं व साफा पहनाकरस्वागत किया गया। इस अवसर पर शफीक भाई. रफीक भाई. नाजिम भाई. परववेज भाई, हाफिज रिउज भाई. अजीज बेग. आजीज बाबा. नागरी के हयात भाई. सलीम राजा. मुम्बई के कवाल, निसार.भाई. सल्लू..मुनीर चिश्ती, कमाल बाबा..सलीम भाई, आबिद भाई, रईस खान, नईम भाई ईदगाह साबिर भाई,सानू भाई फरीद भाई,फहीम खान फरिदी,अलीम बाबा साबरी, इरफान बाबा,आमीन साबरी समाज सेवी,मुन्ने मीया दौसा आदि उपस्तिथ थे। उल्लेखनिय है कि (जनाबे आली सूफी मोहम्मद कोसर हसन मजीदी राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी खानकाह एसोसिएशन का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया गया जिन्होंने पहले शहर जयपुर अधयक्ष और अब सूफी खानकाह एसोसिएशन राजस्थान प्रदेश इकाई में (प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है।

करंट से दो गौवशं की मौत

कोटपूतली। कस्बे के आजाद चौक स्थित तहसील परिसर में नगर परिषद द्वारा लगाई गई हाई मास्क लाईट के पोल में करंट से दो गौवंश की मृत्यु हो गई।

बताया जा रहा है कि उक्त लाईट लगभग डेढ़-दो माह से खराब पड़ी थी। वार्ड पार्षद आनंद सैनी व मीनू बंसल ने इसकी शिकायत अनेक बार नगरपरिषद में दर्ज भी करवाई परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। विगत बुधवार रात्रि को बारिश आने के कारण पोल में करंट आ रहा था। जिससे करन्ट लग जाने से दो गौवंश की मृत्यु हो गई। गनीमत यह रही कि उक्त हादसा रात्रि के समय हुआ वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। यहाँ उपखण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय समेत अन्य कार्यालय होने के चलते लोगों की आवाजाही रहती है।

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में आमजन के सुने परिवाद

कोटपूतली। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को पंचायत समिति कोटपूतली के वीसी कक्ष में आयोजित की गई। जनसुनवाई में 24 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें व्यक्तिशः सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, अवैध निर्माण कार्य, पेंशन, पुलिस, पट्टा, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से सम्बंधित विभिन्न परिवेदनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों से फीडबैक लेकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने परिवादी को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आम रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि पैमाइश के कारण आपसी विवाद, आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों में पुलिस सहायता लेकर अंतिम रूप से समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे, अपने क्षेत्राधिकार में नहीं होने पर उच्च स्तर पर संपर्क कर निपटाएं, अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करें एवं जिले कि रैंकिंग को बेहतर करें, उन्होंने कहा कि परीवादों का संतोषजनक व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें जिससे कि परिवादी को बार बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े. उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि 30 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की पूरी जानकारी वाजिब कारण सहित प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट 2025-26 में जिले के संबंध में कि गई घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु उपयुक्त भूमि को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं एवं विभागीय योजनाओं की पात्रता के आधार पर आमजन को सभी अधिकारी स्वप्रेरित होकर लाभान्वित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम कोटपूतली बृजेश कुमार, एएसपी शालिनी, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट आदि मौजूद रहे।

ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़ अंदर घुसने का प्रयास

पावटा। उपखंड क्षेत्र के कस्बा मैड में बुधवार देर रात चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान का शटर व ताले तोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन पड़ोसी की जाग होने की वजह से चोर वारदात को अंजाम नहीं दे सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना उपखंड क्षेत्र के कस्बा मैड की है। बुधवार रात चोरों ने

कस्बा मेड के मुख्य बाजार में स्थित श्री कृष्णा ज्वेलर्स की दुकान का शटर व ताले तोड़ दिए। चोर दुकान में घुसे ही थे कि पड़ोसी युवक जीतू शर्मा रात्रि के समय उठा तो उसने देखा की ज्वेलर्स की दुकान पर दो जने शटर उखाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जिस पर उसने शोर मचाना शुरू कर दिया व जाग होने पर चोर घटनास्थल से फरार हो गए। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दुकान मालिक श्याम सुंदर को दी गई। वहीं पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक श्याम सुंदर ने जेवरात संभाले, जांच पड़ताल की तो कोई गहने चोरी नहीं होना पाया गया। गनीमत रही कि किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई। थाना क्षेत्र में शहर से लेकर गांवों तक चोरों ने आतंक मचा

■ **पड़ोसी के शोर मचाने पर भागे चोर, ग्रामीणों की सजगता से चोरी का प्रयास रहा विफल**

रखा है। आये दिन हो रही चोरी घटनाओं से लोगों में दहशत है। चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने को शहर से लेकर गांवों तक में लोग रतजगा कर रहे हैं। हर दिन किसी न किसी क्षेत्र में चोरी की घटनायें हो रही हैं। पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व खुलासा करने में फेल साबित हो रही है। कुछ समय से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक चोरी की घटनायें काफी आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोरों ने लोगों की नाक में दम कर दिया है। चौक-चौराहें की आभूषण व अन्य कीमती सामानों की दुकानों व सूने मकानों में भी चोरी घटनाएं होने लगी हैं। चोर सेंधमारी करने से लेकर लोगों के सूने मकानों के दौरान घर खंगाल दे रहे हैं। चोरी करने का प्रयास कहीं ना कहीं पुलिस की गस्त पर सवालिया निशान उठा रही है।

400 किलो दूषित पनीर पकड़ा

खैरथल। हरियाणा के मेवात क्षेत्र से नकली पनीर लाकर होटल ढाबों पर सप्लाई करने आई सफेद रंग की ईको वैन को तिजारा टोल प्लाजा पर पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस की सूचना पर खैरथल से पहुची खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव की टीम ने वैन में मिले 400 किलो दूषित बदबू युक्त पनीर को मौके पर जंगल में जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया और आरोपी मोहम्मद साज को हिरासत

■ **खाद्य सुरक्षा की टीम ने पहुंचकर की कार्रवाई**

में लिया है।

खैरथल खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 5:00 बजे तिजारा टोल प्लाजा पर पुलिस ने संदिग्ध लगने पर सफ़ेद रंग की ईको वैन को रोककर तलाशी ली तो उसके अंदर रखीं केन में पनीर भरा हुआ था जिसमें बदबू आने पर पुलिस ने खाद विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देश अनुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट के

नकली पनीर को गड्ढे में नष्ट कराते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी हेमंत कुमार यादव।

नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा की टीम मोबाइल फ्रूट टेस्टिंग वैन के साथ मौके पर पहुंचे और पनीर की प्रारंभिक जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए 400 किलो पनीर की प्रारंभिक जांच में मिलावट और खराब गुणवत्ता के संकेत मिलने पर जंगल में जेसीबी की सहायता से गड्ढा खुदवा कर पनीर को मौके पर नष्ट कराया गया। तथा पनीर के लिए गए सैंपल को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि यह पनीर हरियाणा के मेवात क्षेत्र से लाया गया है और इसे तिजारा व आसपास के इलाकों में बेचा जाना था। आरोपी मोहम्मद साद (25 वर्ष), निवासी गुर्जर नंगला, मेवात (हरियाणा) को हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव, थानाधिकारी रामनिवास, कांस्टेबल महिपाल सिंह, फारुक खान एवं सुभाष यादव मौजूद रहे।

परिवेदनाओं को अधिकारी लेकर बैठे नहीं : कलेक्टर

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के वीसी सभागार में आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 66 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने मौके पर परिवादों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे, अपने क्षेत्राधिकार में नहीं होने पर उच्च स्तर पर संपर्क कर निपटाएं, अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करें। जिला स्तरीय जनसुनवाई में ोयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, नामांतरण, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण कार्य, पेंशन, पुलिस, अनुकंपा नियुक्ति, पट्टा, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से सम्बंधित परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों को आगामी सात दिवस में परिवारदों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सभी परिवादियों को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आम रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि पैमाइश के कारण आपसी विवाद, आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों में पुलिस सहायता लेकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट2025-26में जिले के संबंध में कि गई घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु उपयुक्त भूमि को चिन्हित कर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।उन्होंने पूर्व बजट की सभी घोषणाओं को आगामी 28 फरवरी से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। तथा सभी विभागों को निर्देशित किया कि बजट को पढ़कर संबंधित घोषणा पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए घोषणाओं को धरातल पर लेकर आए।

नगर पालिका का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कोटपूतली। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने गुरुवार को बानसूर तहसील के तहसील कार्यालय और नगर पालिका का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न प्रकोष्ठों का निरीक्षण कर कार्य व्यवस्था और अन्य कार्यों का अवलोकन किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सम्पूर्ण तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी से संधारित रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। तहसील परिसर में आमजन को दी जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति जानी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियो को नियमानुसार आमजन के हितार्थ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने राजस्व प्रकरणों के साथ आमजन की परिवेदनाओं और आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने जनसुनवाई के प्रकरणों के बारे में भी पूछा और कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर में कार्ययोजना बना कर शिविरों में ज्यादा से ज्यादा

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कार्यालय तहसील एवं नगर पालिका बानसूर का औचक निरीक्षण किया।

पंजीकरण कर प्रगति लाने, ई-गिरदावरी के कार्य में प्रगति लाने और पुराने रिकॉर्ड को निर्देशानुसार व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों को परेशानी न हो, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें और उनकी समस्याओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान की जाए। उन्होंने तहसील में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में पूछा और कार्यों को समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार बानसूर गजेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम ने नगर पालिका बानसूर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट्स कार्यात्मक अवस्था में हो। एडीएम ने जोर देकर कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर में स्वच्छता और लाइट्स पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर में आमजन के सुगम यातायात के मद्देनजर आवश्यक कार्रवाई को सुनिश्चित करें। मौके पर अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका बानसूर विशाल यादव उपस्थित रहे।

बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के आम रास्ते से लेकर वार्ड की गलियों में लगी स्ट्रीट लाइट शो-पीस बन कर रह गई है। इन गलियों में रात के समय अंधेरा छा जाता है। अंधेरे का फायदा उठाकर चोर कई वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पालिका क्षेत्र के वार्डो व आम रास्तों में लगी स्ट्रीट लाइट महीनों से खराब पड़ी हुई है। । राहगीरों, वाहनचालकों एवं वार्डवासियों ने स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर नगरपालिका के अधिकारी को शिकायत कर ली है लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। पालिका क्षेत्र में आसपास के वार्डों व आम रास्तों में स्ट्रीट लाइटें तो लगी हैं लेकिन इनमें से अधिकतर लाइटें खराब पड़ी हैं या बंद पड़ी हुई है। लोगों ने नगरपालिका से लाइटें ठीक करवाने की मांग की है। शहर को रोशन करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है।

एक करोड़ 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

शाहपुरा। जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से सांसद राव राजेंद्र सिंह की अभिषशां पर जिला परिषद जयपुर ने सांसद कोष से 1 करोड़ 15 लाख रुपए की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि सांसद राव राजेंद्र सिंह ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र की शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के श्री टीबावाले बालाजी मंदिर के पास लेटकाबास में सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रुपए, कुमावत समाज धर्मशाला के पास साईवाड़ में सामुदायिक भवन के लिए 11 लाख रुपए, श्री नृसिंह मंदिर के पास बिलान्दरपुर में चबूतरे पर डोम के लिए 11 लाख रुपए, गायत्री नगर में धर्मशाला, वार्ड नं 30 शाहपुरा में धर्मशाला छत के लिए 11 लाख रुपए, श्री त्रिवेणी गंगा मंदिर के पास रैगर धर्मशाला, त्रिवेणी धाम में पुस्तकालय भवन के 15 लाख रुपए, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के खटीकों का मोहल्ला वार्ड नंबर 13 नगर पालिका जोबनेर में सामुदायिक भवन के 25 लाख रुपए, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लुणाजी, कैरोड़ी में सार्वजनिक सामुदायिक भवन मय चारदीवारी के लिए 10 लाख रुपए, कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोलाहेडा में पुस्तकालय भवन के 7 लाख रुपए, टापरी रोड़ कोटपुतली में सार्वजनिक मेघवाल महिला छात्रावास भवन के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने पर लोकसभा क्षेत्र वासियों ने खुशी मनाते हुए जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह का आभार प्रकट किया।

एक गिरफ्तार

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने 45 घुघरु देशी सादा शराब के पव्वों सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा, एसपी राजन दुष्यन्त व एएसपी वैभव शर्मा एवं डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के निर्देशन मे लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के तहत बुधवार 19 फरवरी को थानाधिकारी बाबूलाल नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। टीम द्वारा आसुचना संकलन कर विक्की होटल के पास शिव भोले टी स्टार की दुकान के पास गोरधनपुरा में मुल्जिम अशोक (45) पुत्र श्रीराम यादव निवासी बालावास थाना बानसुर के कब्जे से 45 घुघरु देशी सादा शराब के पव्वों से भरा एक गत्ता कार्टुन जप्त कर उक्त मुल्जिम को गिरफ्तार किया गया एवं उक्त घटना के संबंध में अभियोग संख्या 52/2025 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम में कायम कर अनुसंधान किया जा रहा है।